Training & Placement Cell
Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date : 23rd October, 2023

Guideline for candidates who are going to appear in UPSC examination

कैंडिडेट्स की लापरवाही • आयोग की परीक्षाएं पहली बार देने वाले कई उम्मीदवार जल्दबाजी में सही नहीं भरते ओएमआर शीट

यूपीएससी :10वीं व 12वीं के छात्र भी नहीं करते ऐसी गलतियां, कमीशन को जारी करनी पड़ी गाइडलाइन

बड़ी संख्या में डिसक्वालिफाई होते हैं अभ्यर्थी

राहुल शर्मा | भोपाल/ इंदौर

यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (यूपीएससी) की विभिन्न परीक्षाओं में ओएमआर शीट का उपयोग किया जाता है। इस शीट पर अभ्यर्थियों को पूछे गए सवालों के सही जवाब पर गोला लगाना होता है। लेकिन, इसमें की जाने वाली कुछ गलतियों की वजह से कई बार वे अपात्र हो जाते हैं। इन गलतियों में गलत जगह पर कुछ लिखना, सब्जेक्ट कोड व रोल नंबर गलत लिखना आदि शामिल है। दरअसल, ऐसी गलतियां 10वीं व 12वीं में पढ़ने वाले छात्र भी नहीं करते। इन्हीं गलतियों के चलते अब यूपीएससी ने विस्तृत गाइडलाइन जारी की है जिसमें अटेंडेंस शीट व ओएमआर शीट को भरने में की जाने वाली त्रुटियों को बताया है।

भास्कर एक्सप्लेनर • 4 उदाहरणों से समझिए अकसर कौन सी त्रुटियां की जाती हैं ओएमआर व अटेंडेंस शीट में

1. बुकलेट ए सीरीज की मिली, अभ्यर्थी ने ओएमआर में भरा सी

क्वेश्चन बुकलेट, सीरीज में होती है। इसे ओएमआर शीट में भरना होता है, यह स्पेस ओएमआर के टॉप पर होता है। इस उदाहरण में उम्मीदवार को ए सीरीज की बुकलेट मिली है, लेकिन उसने अपनी शीट में सी भर दिया है। जो कि गलत है।

2. रोल नंबर तक गलत भर देते हैं यूपीएससी के उम्मीदवार

इस उदाहरण में बताया गया है कि किस प्रकार से रोल नंबर भरने में छात्र गलतियां करते हैं। दरअसल, रोल नंबर ओएमआर शीट में सही तरीके से भरने होते हैं। यहां उम्मीदवार को अपने रोल नंबर 0814845 सही तरीके से भरने थे, जो वह नहीं कर सका।

3. आधे-अधूरे गोले भरने से रिजल्ट पर आता है असर

किसी भी सवाल के सही ऑप्शन का उत्तर संबंधित गोले में पूरी तरीके से भरना होता है। लेकिन उम्मीदवार आधे-अधूरे गोले बना देते हैं। यहां तक कि कई मामलों में गोले से बाहर तक सर्किल बना देते हैं। इसका असर उनके परिणाम पर आता है।

4. दूसरे उम्मीदवार की अटेंडेंस शीट पर साइन करना

अटेंडेंस शीट की एक फाइल में छह उम्मीदवारों के नाम होते हैं। अक्सर जल्दबाजी में मिलता जुलता रोल नंबर दिखने पर दूसरे की शीट पर साइन कर दिए जाते हैं। जो कि बड़ी गलती है।

10% कैंडिडेट्स कर देते हैं इस प्रकार की गलतियां

पहली बार परीक्षा देने वाले करीब 10% उम्मीदवार इस प्रकार की गलतियां करते हैं, क्योंकि उन्हें यूपीएससी की परीक्षाओं का अनुभव नहीं होता और वे ओएमआर शीट से फ्रेंडली नहीं होते। छात्र यूपीएससी की वेबसाइट पर जाकर गाइडलाइन देख सकते हैं।

ANIL MISHRA
(Training & Placement Officer)